# अभ्यास टेस्ट पेपर कक्षा-3 (सप्ताह-4)

**प्रश्नों की कुल संख्या-30** | **समय- लगभग 60 मिनट**

**विद्यार्थी का नाम-** ........................................................................ **शाला उपस्थिति पंजी क्र.-** ..............

**शाला का नाम-** ....................................................**वि.ख. -** ......................... **जिला-** ....................

## टेस्ट प्रशासनकर्ता के लिए निर्देश

**( टेस्ट प्रारंभ करने से पहले निर्देशों को ध्यान से पढ़ें )**

- **प्रथम व अंतिम पेज की सभी प्रविष्टियां कक्षाध्यापक की मदद से अनिवार्यतः पूर्ण करें।**
- यह परीक्षण विद्यार्थी की जानकारी, समझ एवं परम्परागत प्रश्नों से हटकर नए पैटर्न के प्रश्नों आधारित टेस्ट के अभ्यास के अवसर देने के लिए है।

1. बच्चों को टेस्ट पेपर बाँटें।
2. बच्चों से कहें कि ''प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, उनमें से केवल एक ही विकल्प सही उत्तर है।''
3. बच्चों को निर्देश दें कि ''प्रश्न को पढ़कर दिए गए विकल्पों में से प्रश्न का उत्तर ढूँढ़ें।''
4. **सही उत्तर के विकल्प को अंतिम पेज पर दी गई तालिका में भरें।**
5. परीक्षण पुस्तिका में निम्नानुसार तीन विषयों के कुल 30 प्रश्न हैं। सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   भाग–1 : हिन्दी प्रश्न 1–10

   भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन प्रश्न 1–10

   भाग–3 : गणित प्रश्न 1–10

---

## भाग-1 : हिन्दी

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

**सूचना**

**शासकीय प्राथमिक शाला बारीदेवी, विकासखण्ड पिपरिया,**

**जिला होशंगाबाद ( म.प्र. )**

कक्षा तीन के सभी छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि आपका वार्षिक मूल्यांकन दिनांक 16/03/2020 से प्रारम्भ होगा। मूल्यांकन हेतु विषयवार समय–सारणी निम्नानुसार है–

| दिनांक | दिन | विषय ( प्रश्न–पत्र ) |
|---|---|---|
| 16/03/2020 | मंगलवार | हिन्दी (मौखिक एवं लिखित) |
| 17/03/2020 | बुधवार | अंग्रेजी (मौखिक एवं लिखित) |
| 18/03/2020 | गुरूवार | गणित (मौखिक एवं लिखित) |
| 19/03/2020 | शुक्रवार | पर्यावरण (मौखिक एवं लिखित) |

टीप– मूल्यांकन समय सुबह 9.00 बजे से 10.30 बजे तक होगा।

प्र. 1 मूल्यांकन किस दिनांक से प्रारम्भ होगा?

(A) 17/03/2020 (B) 18/05/202

(C) 16/03/2020 (D) 19/03/2020

प्र. 2 दिनांक 18/03/2020 को कौन सा दिन है?

(A) शुक्रवार (B) गुरुवार

(C) बुधवार (D) मंगलवार

प्र. 3 दिनांक 16/03/2020 को किस विषय का प्रश्न पत्र है?

(A) पर्यावरण (B) गणित

(C) अंग्रेजी (D) हिन्दी

प्र. 4 पर्यावरण प्रश्नपत्र का क्रम कौन–सा है ?

(A) चौथा (B) तीसरा

(C) दूसरा (D) पहला

प्र. 5 'प्रारम्भ' शब्द का समानार्थी शब्द कौन–सा है?

(A) खत्म (B) अंतिम

(C) शुरू (D) प्रथम

**निर्देश : दी गई सूचना को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

**नगर पालिका उद्यान, रतलाम**

**सूचना**

उद्यान में लगे पेड़–पौधे, फूल पत्तों को न तोड़ें।

उद्यान में अनावश्यक शोर न करें।

उद्यान में पॉलीथीन का प्रयोग न करें।

कचरा–कूड़ा यहाँ–वहाँ न फेंके। इसके लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें।

उद्यान को सुन्दर और स्वच्छ बनाने में उद्यान के कर्मचारियों का सहयोग करें।

प्रबंधक

नगर पालिका उद्यान

रतलाम

प्र. 6 दिया गया सूचनापटल किसका है?

(A) ग्राम पंचायत का (B) नगर पंचायत का

(C) नगर पालिका का (D) नगर निगम का

प्र. 7 पॉलीथीन का प्रयोग के लिए हमें क्यों मना किया है?

(A) प्रदूषण रोकने के लिए (B) प्रदूषण करने के लिए

(C) बगीचा सुन्दर बनाने के लिए (D) कचरा फैलाने के लिए

प्र. 8 हम बगीचे को स्वच्छ कैसे रखेंगे?

(A) कर्मचारी का सहयोग कर (B) पॉलीथीन का प्रयोग कर

(C) शोर मचाकर (D) गंदगी फैलाकर

प्र. 9 हम बगीचे मे शोर करेंगे तो –

(A) अन्य लोग खुश होंगे (B) कर्मचारी खुश होंगे

(C) अन्य लोग परेशान होंगे (D) पेड़–पौधे खुश होंगे

प्र. 10 यह सूचना किसके द्वारा दी गई है?

(A) बगीचे के कर्मचारी द्वारा (B) बगीचे के प्रबंधक द्वारा

(C) नगर पालिका द्वारा (D) नागरिकों द्वारा

## भाग–2 : पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए –**

प्र.1 6 माह से 1 वर्ष की आयु के बच्चों को खाने में क्या दिया जाना चाहिए ?

(A) केवल रोटी (B) केवल दूध

(C) रोटी–सब्जी (D) दाल, चावल, दूध, सब्जी

प्र.2 आपके घर में यदि कोई सदस्य बीमार हो जाए, तो उसे क्या खिलाएंगे ?

(A) दलिया (B) मसालेदार सब्जी

(C) मावे की मिठाई (D) पूड़ी

प्र.3 मीना के पास आज केवल 2 बाल्टी पानी ही है तो बताइए इनमें से किस कार्य में सबसे ज्यादा पानी लगेगा ?

(A) कपड़े धोना (B) गमले में पानी

(C) आटा गूंथना (D) नहाना

प्र.4 स्वस्थ रहने के लिए आपको कौन से आहार नहीं करना चाहिए ?

(A) केक, बिस्कुट, तली हुई चीजें (B) दूध व फल

(C) अंकुरित अनाज (D) सलाद या कच्ची सब्जियाँ

प्र.5 निम्न में भोजन और उसके स्त्रोत की कौन सी जोड़ी सही नहीं है?

(A) संतरा–पेड़ (B) गेहू–अंडा



(C) दूध–गाय (D) अंडा–मुर्गी


प्र.6 सीता की माँ उसके मामा के लिये खाना पका रही थी। वह सलाद के लिये सीता से एक बड़ी मूली लाने को कहती है। तब सीता रखी हुई मूलियों में से एक मूली फीते से मापकर लाती है आप निम्न में से किस सब्जी को बित्ता से माप सकते हो?

(A) टमाटर (B) आलू

(C) गाजर (D) शिमला मिर्च

प्र.7 नीचे दिये गये चित्रों को ध्यान से देखिए –

(1)  (2) 

(3)  (4) 



बीज से पौधा बनने का सही क्रम है –

(A) 3, 2, 1, 4 (B) 4, 2, 1, 3


(C) 3, 1, 2, 4 (D) 4, 3, 1, 2


प्र.8 दिये गये चित्रों को ध्यान से दखिए और बताइयें कि कौन–सा जानवर अपने भोजन की दूरी अधिक होने पर सही व सटीक दूरी का पता लगा सकता है ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र.9 राधिका अपने दादा जी के साथ सुबह–सुबह टहलने जाती है, उसे रास्ते में बड़े पक्षियों का झुंड दिखाई देता है। जो मरे हुए जानवर को खा रहे होते हैं । दादा जी राधिका को बताते है कि यह जानवर हमारे आस–पास के परिवेश को साफ सुथरा रखने में काफी मदद करते हैं। राधिका विद्यालय जाकर अपने मित्रों के साथ उन पक्षियों के बारें में चर्चा करती है। वह पक्षी होगा ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

प्र.10 बाघ जैसे जानवर दूसरे जानवरों का माँस खाते हैं। इन जानवरों में मास को फाड़ने के लिए दाँत होते हैं –

(A) समतल दाँत (B) नुकीले दाँत

(C) गोल दाँत (D) छोटे दाँत

## भाग-3 : गणित

**निर्देश : दिए गए प्रश्नों को पढ़कर प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर सही उत्तर की तालिका में लिखिए -**

प्र.1 गीता फूलों के 10 गुच्छे लेकर आई। हर गुच्छे में 5 फूल हैं। बताइये गीता के पास कुल कितने फूल हैं?

(A) 5 (B) 50

(C) 2 (D) 15

प्र.2 रेखा ने 132 राखियाँ बनाई। यदि वह एक पैकेट में 12 राखियों को पैक करती है, तो उसे कुल कितने पैकेट की आवश्यकता होगी?

(A) 144 पैकेट (B) 1584 पैकेट

(C) 11 पैकेट (D) 120 पैकेट

प्र.3 एक विद्यालय के प्रत्येक कमरे में 2 दरवाजे हैं। तो 5 कमरों में कुल कितने दरवाजे होंगे?

(A) 7 (B) 10

(C) 5 (D) 3

प्र.4 4 x 10 का मतलब है।


(A) 4 को 10 बार जोड़ के रूप में लिखना

(B) 10 को 4 बार जोड़ के रूप में लिखना

(C) 4 को 4 बार जोड़ के रूप में लिखना

(D) 10 को 10 बार जोड़ के रूप में लिखना

प्र.5 चित्र में प्रत्येक पंक्ति में 5 फूल है। तो गुणन तथ्य के आधार पर कुल फूलों की संख्या होगी-



(A) 5 x 4 (B) 4 x 5



(C) 6 x 5 (D) 5 x 3


प्र.6 गोलू प्रतिदिन 9 घंटे सोता है। एक सप्ताह में वह कुल कितने घंटे सोता है-


(A) 63 (B) 54

(C) 72 (D) 56


प्र.7 एक ट्रे में 25 लड्डू है। यदि हम एक डिब्बे में 5 लड्डू रखें, तो सभी लड्डुओं को भरने के लिए कितने डिब्बों की आवश्यकता होगी?

(A) दो डिब्बे 

(B) चार डिब्बे 

(C) पांच डिब्बे 

(D) एक डिब्बे 

प्र.8 संजू की कक्षा में पहले दिन 28 लड़के व 25 लड़कियाँ उपस्थित हुए। तथा अगले दिन 49 लड़के व 42 लड़कियाँ उपस्थित हुए। बताइये ये दोनों दिनों में कुल कितने बच्चे उपस्थित हुए?

(A) 53 (B) 91

(C) 144 (D) 74

प्र.9 कंचन के बगीचे में 21 कलमी आम के पेड़, 109 दशहरी आम के पेड़ तथा 25 बनारसी आम के पेड़ लगे हैं। बताइये कंचन के बगीचे में कुल कितने आम के पेड़ लगे हैं?

(A) 145 (B) 155

(C) 569 (D) 245

प्र.10 मीना बाजार गई थी। बाजार से उसने कुछ सामान खरीदा। खरीदे गए सामान की पर्चियाँ (टोकन) नीचे दिए गए हैं। बताइये उसने कुल कितने रूपये का सामान खरीदा?

₹10 ₹819 ₹19 ₹112

(A) ₹960 (B) ₹1131

(C) ₹1221 (D) ₹1050

## सही उत्तर अंकित करने हेतु तालिका ( कक्षा-3 सप्ताह-4 )

| हिन्दी | | पर्यावरण अध्ययन | | गणित | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) | प्रश्न क्र. | सही उत्तर विकल्प भरें (A/B/C/D) |
| 1. | | 1. | | 1. | |
| 2. | | 2. | | 2. | |
| 3. | | 3. | | 3. | |
| 4. | | 4. | | 4. | |
| 5. | | 5. | | 5. | |
| 6. | | 6. | | 6. | |
| 7. | | 7. | | 7. | |
| 8. | | 8. | | 8. | |
| 9. | | 9. | | 9. | |
| 10. | | 10. | | 10. | |

**शिक्षक हेतु निर्देश-**

- बच्चे द्वारा अंकित उत्तरों को संबंधित शिक्षक द्वारा जांचा जाए और निम्नांकित जानकारी भरी जाए। साथ ही निर्देशानुसार रिपोर्टिंग की जाए।
- प्रश्नों के मॉडल उत्तर प्रश्नबैंक में देखे जा सकते है।

**विषयवार सही उत्तरों की संख्या भरें ( 10 में से कितने उत्तर सही पाए? )**

| हिन्दी | पर्यावरण अध्ययन | गणित |
|---|---|---|
| | | |